राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार दिनांक 23 मई 2022, सोमवार से राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यों एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार के दिन जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता की स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 23 मई, 2022 को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री हेमाराम चौधरी तथा अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता मंत्री श्री शाले मोहम्मद राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, सचिव श्री प्रशांत सहदेव शर्मा एवं श्री फूलसिंह ओला उनका सहयोग करेंगे।

23 मई, 2022 से 15 जून, 2022 तक होने वाली जनसुनवाई का कार्यक्रम संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 मई। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री जगन्नाथ पहाड़िया की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरूवार, 19 मई, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter